हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 2 जुलाई 2024

4

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए केलो डेम में हुई मॉकड्रिल



[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸कोपा ▸इलेक्ट्रिशियन
▸हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸डीजल मैकेनिक
▸फायर टेक्नालॉजी
▸स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183

## नवीन योजनाओं में होगा खर्च, करीब 13 करोड़ शासन के खाते में ट्रांसफर

# प्रदेश की नई सरकार ने दो दर्जन बंद योजनाओं की शेष राशि वापस मंगवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतीक मिश्रा

राज्य में नई सरकार बनने के पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा संचालित 15 योजनाओं को बंद करने के साथ ही अन्य बंद हो चुकी योजनाओं के मद में जमा शेष राशि को वापस मांगा है। सूत्रों के अनुसार करीब दो दर्जन से अधिक बंद होने वाली योजनाओं के मद में जमा शेष करीब 13 करोड़ से अधिक की राशि शासन के खाते में जमा किए गए गए हैं।

खास खबर

गौरतलब है कि राज्य सहित जिले में भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था सहित ग्रामीण विकास को लेकर कई तरह की योजनाएं संचालित की थी। किंतु पिछले वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में जीतने के बाद विष्णुदेव साय की सरकार ने इन योजना पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कई योजनाओं को बंद कर दिया। जिसमें गोधन न्याय योजना, सुराजी ग्राम योजना, छत्तीसढ़िया ओलंपिक योजना, बेरोजगारी भत्ता, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव युवा मितान क्लब सहित अन्य योजनाओं को बंद कर दिया। ऐसे बंद किए गए या पहले से बंद योजनाओं में अब भी हजारों-लाखों रूपए जमा है, जिसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में इन बंद हो चुकी योजनाओं में जमा शेष रकम को शासन ने वापस मांगा हैं, जिसके बाद एक आदेश भी जारी किया गया था। इस आदेशानुसार ऐसी योजनाओं में जमा शेष राशि को शासन के खाते में जमा कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार करीब 13 करोड़ रूपए जिले की करीब दो दर्जन योजनाओं के जमा थे, जिन्हे शासन के खाते में जमा किया गया है।



### फैक्ट फाइल

| बंद योजनाएं | बंद योजनाएं |
|---|---|
| गोधन न्याय योजना | जिला नवाचार निधि |
| किसान न्याय योजना | बीआरजीएफ |
| युवा मितान क्लब | आईएपी |
| बेरोजगारी भत्ता | मुख्यमंत्री ग्राम उत्कर्ष योजना |
| छत्तीसगढ़िया ओलंपिक | छग ग्रामीण निर्माण योजना |
| ग्राम सुराजी योजना | ग्राम विकास योजना |
| 10वां वित्त आयोग | छत्तीसगढ़ गौरव योजना |
| 11वां वित्त आयोग | जनपद सशक्तिकरण योजना |
| यूरोपियन राज्य साझेदारी कार्यक्रम | पंचायत सशक्तिकरण योजना |
| राजीव गांधी पंचा. सशक्तिकरण | 12वां वित्त आयोग |
| 13वां वित्त आयोग | 14वां वित्त आयोग |

### राशि मंगाई वापस

शासन ने बंद हो चुकी योजना की सूची मांगने के साथ ही उनके शेष जमा राशि वापस मांगी है। जिसे भेजा गया है। जिले से करीब 12 करोड़ रूपए शासन के पास वापस भेजे गए हैं।

**जितेंन्द्र यादव**
सीईओ, जिला पंचायत
रायगढ़

### अन्य योजनाओं को होगा उपयोग

सूत्रों की मानें तो बंद हो चुकी योजनाओं में जमा रकम का उपयोग अन्य योजनाओं में गति लाने के लिए किया जाएगा। इसके साथ ही कुछ नवीन योजनाओं को भी लागू करने के साथ ही जमीनी स्तर पर उसे गति देने में इन राशि का उपेयाग किया जाएगा।

### कई योजनाएं नए रूप में होगें लागू

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इनमें कई योजनाओं को बंद करने के बाद नए रूप में लागू किया जा सकता है। हालांकि अब तक इसकी कोई रूपरेखा तैयार नहीं की गई है। किंतु नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद जमीनी स्तर पर कई योजनाओं को लागू किया जा सकता है।

## बाइक चोर गिरोह को पुलिस ने गाड़ियों के साथ किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शहर में बढ़ती बाइक चोरी की घटनाओं पर गंभीर होकर कार्रवाई करने के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। संयुक्त सर्च ऑपरेशन चलाकर पुलिस ने चार चोरी की बाइक के साथ चार युवकों को गिरफ्तार किया है। ये सभी युवक बाइक चोर गिरोह के सदस्य बताए जा रहे हैं। प्रेसवार्ता में सीएसपी अभिनव उपाध्याय ने बताया कि थाना कोतवाली जूटमिल और साइबर सेल की टीम तैयार कर संदेही को धर दबोचा गया।

संदेही से कड़ी पूछताछ में अपने साथी घरघोड़ा के युवक ने और दो अन्य लड़कों के साथ मिलकर मोटरसाइकिल और पिकअप चोरी करना बताया और गत दिनों 21 जून के दोपहर पुराना शनि मंदिर रायगढ़ के पास से स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल सीजी 13 जेड 7327 को चोरी कर घर में छिपा कर रखना बताया। आरोपी अनिल मिश्रा के मेमोरेंडम पर उसके घर पर दबिश देकर चोरी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस सीजी 13 जेड 7327 की जप्ती की गई। आरोपी अनिल मिश्रा से मिली जानकारी पर आरोपी युवक के सकुनत घरघोड़ा में जाकर संयुक्त टीम द्वारा दबिश दिया गया। आरोपी युवक के पास एक सीडी डीलक्स और एक अवेंजर मोटरसाइकिल मिली जिसे जप्ती की गई। आरोपी ने इसके अतिरिक्त उसके साथियों के साथ मिलकर चोरी की गई दो और मोटरसाइकिल जिसमें हीरो पैशन प्रो को घरघोड़ा निवासी नंदू चौहान को 5000 में तथा घरघोड़ा निवासी तस्लीम खान को एक हीरो एचएफ डीलक्स की बिक्री करना बताया। आरोपी युवक से मिली जानकारी पर आरोपी नंदू चौहान और तस्लीम खान के घर दबिश देकर चोरी की मोटरसाइकिल की बरामद की गई है। आरोपियों द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल खरीदने पर प्रकरण में धारा 411, 34 आईपीसी जोड़ा गया।

थाना कोतवाली में शनि मंदिर चोरी के अपराध में प्रार्थी राम कुमार निवासी धांगरडीपा कोतवाली के रिपोर्ट पर धारा 379, 34, 411 कायम किया गया है। मामले में गिरफ्तार चारों. आरोपी अनिल मिश्रा, तस्लीम खान उर्फ गोलू और नंदू चौहान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## खबर संक्षेप

### सांकरा में पुलिस चौकी की मांग

**सरिया।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सबसे बड़े ग्राम सांकरा में पुलिस चौकी खोलने की मांग को बहुप्रतीक्षित मांग है। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रमोद यादव ने बताया कि सांकरा में पुलिस चौकी खोलने के संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। उच्च अधिकारियों के दिशा मार्गदर्शन पर ही पुलिस चौकी संभव है। बता दे कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले का सबसे बड़ा ग्राम सांकरा चारों ओर से उड़ीसा राज्य से घिरा हुआ है। यहां की आबादी एवं कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस चौकी की मांग स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से लंबे समय से करते आ रहे हैं। लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है।

### वित्त मंत्री ओपी ने दी सभी चार्टेड एकाउंटेंट को बधाई

**रायगढ़।** चार्टेड अकाउंट्स दिवस पर सूबे के वित्त मंत्री एवं विधायक रायगढ़ ओपी चौधरी ने प्रदेश के सभी चार्टेड एकाउंटेंट को वित्तीय सजगता और पारदर्शिता का प्रतीक बताते हुए बधाई प्रेषित की है। सोशल मंच में बधाई संदेश साझा करते हुए मंत्री श्री चौधरी ने चार्टेड एकाउंटेंट के योगदान को अमूल्य बताते हुए वित्तीय स्थिरता हेतु उनके कार्यों को अविस्मरणीय बताया। सभी चार्टेड एकाउंटेंट को राष्ट्रीय एवं आर्थिक विकास की धुरी बताते हुए मंत्री श्री चौधरी ने कहा राष्ट्रीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस के जरिए देश के वित्तीय और आर्थिक विकास में सीए और एकाउंटिंग पेशेवरों के अमूल्य योगदान को हम ह्रदय से स्वीकार करते है।

### लोकसभा स्तरीय बैठक लेने पहुंचे अनुराग सिंह

**खरसिया।** भारतीय जनता पार्टी खरसिया विधान सभा की लोकसभा स्तरीय समीक्षा बैठक लेने पहुंचे बिलासपुर संभाग प्रभारी अनुराग सिंह देव लोकसभा चुनाव में खरसिया विधानसभा से 14643 व्होट से जीत की सभी नेताओं व देवतुल्य कार्यकर्ताओं को बधाई शुभकामनाएं दिए, और आगे नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव की रणनीति पर जोर देते हुए कहा कि हम सब समन्वय बनाकर पंचायत चुनाव में वार्ड पंच से लेकर जिला पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा समर्थित को जिताना है और केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओ से विकास की गति को बढ़ाना है जिसमें बैठक का संचालन भाजपा जिला मंत्री महेश साहू ने किया और बैठक में संयोजक गोपाल शर्मा, कमल गर्ग, जयप्रकाश पटेल, रत्थू गुप्ता, रविन्द्र गबेल, संतोष चौहान, सतीश अग्रवाल, कन्हैया राठिया, पुरुषोत्तम पटेल, लोचन पटेल, विरेन्द्र पटेल, राजेन्द्र राठौर, मनोज राठौर, सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

## सरसींवा में धड़ल्ले से चल रहा रेत का अवैध खनन व परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा



क्षेत्र में लंबे समय से जीवनदायिनी महानदी तट से रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। रेत माफियाओं के आतंक से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। रेत माफिया अवैध कालाबाजारी करने के लिए बिना सील लगी पर्चियों का उपयोग कर रहे हैं। इन पर्चियों पर कहीं भी ठेकेदार या कंपनी का नाम नहीं लिखा है। न ही संबंधित एजेंसी या खनिज विभाग की सील है।

इस कालाबाजारी में दिनरात रेत की ढुलाई कर लाखों रुपए की रायल्टी बचा कर शासन को चूना लगाया जा रहा है। इसमें ठेकेदार, अधिकारी और जनप्रतिनिधि मिलकर इस अवैध कारोबार में संलिप्त है। जिम्मेदार अधिकारी पूरे मामले से अनजान बनने का नाटक करते है और कार्यवाही के नामपर केवल दिखावा किया जा रहा है। जबकि नाम न बताने की शर्त पर कुछ वाहन मालिकों ने बताया कि उनके द्वारा बकायदा खनिज विभाग के अधिकारियों को मोटा नजराना हर महीने भेंट किया जाता है जिसके बदले में वे उन्हें संरक्षण देते है और यदि उनके वाहन पकड़े भी जाये तो खाना पूर्ति कर छोड़ दिया जाता है। महानदी तट मिरौनी से रेत से भरे ओवरलोड डंपरों और ट्रालियों के ग्रामीण सड़कों से गुजरने के चलते ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। आलम यह है कि लंबे समय से क्षेत्र के जैतपुर मिरौनी तटों से रेत का अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकतर सड़कें रेत के ओवरलोडिंग के चलते लगभग.लगभग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। जिन पर बारिश के समय आवागमन के लिए ग्रामीणों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़रहा है।

## फ्लाईऐश प्रदूषण पर आदिवासी समाज का प्रदर्शन 5 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ क्षेत्र में लगातार सड़क दुर्घटना की खबरें देखने को मिल रहा है। शहर से गुजरने वाली ओवरलोड गाडिय़ों से हो रहे सड़क दुर्घटना से नाजार सर्व आदिवासी सामाज 5 जुलाई को चक्का जाम करने की लिखित चेतावनी देते हुएए इन गाड़ियों पर कार्यवाही की मांग की है।

सर्व आदिवासी सामाज के ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र सिदार के लिखित आवेदन पर कार्यवाही करते हुए जिला प्रशासन ने 28 जून को धरमजयगढ़ में यातायत पुलिस द्वारा कार्यवाही भी किया है जिसके बाद भी फ्लाईएश परिवाहन करने वाली गाडिय़ों के ना तो ओवरलोड और रफ्तार में किसी प्रकार की कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, शहर के बीचों बीच धड़ल्ले से ओवर लोड लेकर तेज रफ्तार में गाडिय़ा दौड़ रही है। प्रशासन की कार्यवाही के बाद भी फ्लाईएश परिवाहन करने वाले कंपनियों पर प्रशासन का कोई भय नहीं है जिसका कारण है कि आज भी सड़क पर मौत बनकर फ्लाईएश की ओवर लोड गाडिय़ा दौड रही है। जिससे नाराज सर्व आदिवासी सामाज 5 जुलाई को आमापाली में चक्का जाम करेंगे। सड़क दुर्घटना को रोकने स्थानीय प्रशासन की लाख कोशिश के बाद भी भारी वाहनों के रफ्तार में किसी प्रकार की कोई बदलाव नहीं हो रहा है। धरमजयगढ़ में चल रहे सड़क निर्माण में उपयोग में लाये जा रहे फ्लाईएश की गाडिय़ां आरटीओ के नियम कानून की धज्जियां उड़ते हुए सड़क पर दौड रही है।

## शिविर में श्रमिकों का हो रहा पंजीयन दी जा रही योजनाओं की जानकारी

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल एवं असंगठित कर्मकार कल्याण मण्डल के तहत असंगठित क्षेत्र एवं निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों के पंजीयन नवीनीकरण एवं योजनाओं के आवेदन हेतु जिले के विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं निर्माण स्थलों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है।



सहायक श्रमायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के माध्यम से श्रमिकों को पंजीयन एवं योजना संबंधी जानकारी प्रदाय किया जा रहा है। शिविर की जानकारी पूर्व में ही संबंधित ग्राम पंचायत को दिया जाकर मुनादी कराया जाता है। निर्माण कार्य में लगे एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिक शिविर हेतु नियत तिथि को आवश्यक दस्तावेज यथा श्रमिक एवं परिवार के सदस्यों का आधार कार्डए श्रमिक का खाता विवरण पासबुक मोबाइल नंबर ओटीपी हेतु लाइव फोटो एवं स्व घोषणा प्रमाण पत्र एवं असंगठित हेतु सरपंच पार्षद द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र सहित उपस्थित होकर पंजीयन नवीनीकरण एवं योजना आवेदन करा सकते है। कोई श्रमिक शिविर में आवेदन नहीं कर पाता है तो वह अपने नजदीकी च्वाईस सेंटर, जनपद पंचायत स्थित श्रम संसाधन केन्द्र या स्वयं मोबाइल पर श्रमेव जयते एप के माध्यम से आवेदन कर सकते है। पंजीयन उपरांत हितग्राही श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजना यथा मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, नौनिहाल छात्रवृत्ति सहायता योजना एवं अन्य सामग्री मूलक योजनाओं में पात्रतानुसार लाभ प्राप्त कर सकते है।

## पुलिस रिमांड पर ठगबाज शिवा, संपत्ति की हो रही जांच

**सरसींवा।** पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सौरभ अग्रवाल के द्वारा 9 मार्च को थाना सरसीवां में शिवा साहू निवासी रायकोना एवं अन्य आरोपियों के विरूद्ध शेयर मार्केट एवं क्रिप्टो करेंसी में पैसा लगाने पर प्रति माह 30 प्रतिशत देने एवं 8 माह पूर्ण होने पर रकम दोगुना करने का लालच देकर 2 करोड रूपए की धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिस पर थाना सरसीवां के द्वारा धारा 420, 406, 409, 34 120 बी 6,10 छग के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005 दर्ज कर विवेचना किया जा रहा था।



विवेचना दौरान शिव साहू व उसके साथियों के नाम पर अब तक 29 लोगों से करीब 4 करोड़ 30 लाख रुपए के शिकायत प्राप्त हो चुकी है शिवा साहू के करोड़ो की संपत्ति जब्त कर अब तक कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। 2 जून को आरोपी शिव साहू रमेश साहू और सूर्यकांत को दो दिवस की पुलिस रिमांड पर लेकर लगातार पूछताछ कर शिव साहू के एक्सिस बैंक सरायपाली के लाकर से नगदी रकम एक करोड़ 52 लाख 50 हजार रुपए, सोने का जेवर वजन 01 किलो 847 ग्राम कीमती करीब 12559600 रुपए, चांदी के जेवर 1 किलो 441 ग्राम कीमती 123900 रूपये जप्त किया गया है तथा शिव साहू के मौपका बिलासपुर स्थित भवन से नोट गिनने की इलेक्ट्रॉनिक मशीन, लैपटॉप, जमीन संबंधी कागजात, चेक बुक, शिव साहू द्वारा खरीदी गई सोने चांदी की बिल तथा लोगों से धोखा देकर ली गई रकम की बाउंड पेपर पावती संबंधी कागजात शिव साहू के द्वारा रायपुर में रखे होंडा शाइन मोटर साइकिल एवं रमेश साहू के ग्राम रायकोना में रखें रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल को जप्त किया गया है जिन्हें विधिवत कार्रवाई पश्चात पुनः न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

## कोतमरा में धड़ल्ले से बिक रही कच्ची महुआ शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

सारंगढ़ से 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत कटेली, कोतमरा, हलरपाली सहित आसपास के गांव में अवैध शराब की बिक्री जोरों पर चल रही है।

पुलिस विभाग लगातार धर पकड़ कर कार्यवाही कर रही है फिर भी अवैध शराब की बिक्री थमने का नाम नहीं ले रहा हैं गांव में दिन प्रतिदिन शोर शराबा बढ़ता जा रहा है आए दिन शराबियों का गांव के गली चौराहा में अभद्रता देखा जा सकता है। कटेली कोतमरा में स्थिति ज्यादा खराब है जहां हलधरपाली से कच्ची महुआ शराब की सप्लाई आसपास के गांव में की जाती है।

कच्ची शराब की सप्लाई दिन प्रतिदिन बढ़ रही है बड़े कोच्चिया महुआ शराब को घर तक पहुंचा कर दे रहे हैं।फिर छोटे कोच्चिया चिल्हार के रूप में गांव में बेच रहे हैं।गांव की शांति व्यवस्था भंग हो रही है घर-घर में कलह बढ़ रही है महिला वर्ग काफी परेशान है अवैध शराब विक्रेता बिना डर के महुआ शराब बेच रहे हैं पास की दुकान, ठेले, मोहल्ले चौक चौराहे में बैठकर शराब सेवन किया जा रहा है ऐसी स्थिति को देखते हुए शासन को इन पर संज्ञान लेते हुए कार्यवाही करनी चाहिए। सरपंच, पंच और ग्रामवासी के सहयोग से अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाएंगे महुआ शराब एवं देसी शराब का बिक्री होता है जिसको लेकर हम समूह के महिलाएं जागरूकता अभियान, नशा मुक्ति अभियान को लेकर नारे लगाकर गांव में रैली निकालेंगे।

### कलेक्टर व एसपी समेत प्रशासनिक अधिकारियों ने दी नए कानून की जानकारी

# न्याय प्रक्रिया सरलता और शीघ्र निपटारे की ओर अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आज से नवीन कानून संहिताओं के तहत न्यायपालिकाए पुलिस कार्यों का क्रियान्वयन करेगी। नवीन कानून लागू होने पर जिला पुलिस क्रियान्वयन उत्सव के रूप में मना रही है जिसका उद्देश्य लोगों को नवीन कानून की जानकारी देना और लोगों को उनके अधिकारों को बताना है। इसी परिपेक्ष्य में पुलिस सामुदायिक भवन, रायगढ़ में नवीन अपराधिक कानून पर आधारित क्रियान्वयन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन जिला पुलिस द्वारा किया गया।







कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने की। मंच पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल, नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला, नेता प्रतिपक्ष श्रीमती पूनम सोलंकी, पूर्व सभापति नगर निगम, सुरेश गोयल, जनप्रतिनिधि मुकेश जैन मंचासीन रहे। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने बताया कि नये कानून प्रणाली में तीव्र और सुगमता से न्याय मिलेगा। कानून नागारिकों को सुरक्षा देने का कार्य करता है इसलिए सभी को कानून में हुए बदलाव को जानना आवश्यक है। नवीन कानून प्रणाली में प्रतीकात्मक बदलाव आएगा सरलता, सुगमता और तीव्र निपटारे की ओर अग्रसर है। कानून सुरक्षा देने वाली रही है और कानून में बदलाव सुरक्षा देने वाला सिद्ध होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य उपस्थित गणमान्य नागरिकों, मीडिया के माध्यम से नवीन कानून का प्रचार प्रसार करना है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने बताया कि नये कानून में हुए बदलाव के उपलक्ष्य में जिला पुलिस लगातार विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। जिला पुलिस इन जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नये कानून और नागरिकों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दिया जा रहा है । आज से लागू नवीन कानून के उपलक्ष में सभी थाना में अलग.अलग कार्यक्रम रखे गये हैं। इसका मूल उद्देश्य नागरिकों को नवीन कानून के संबंध में जागरूक करना है।

### समय से पहले हुई ग्रामसभा कलेक्टर से हुई शिकायत

**रायगढ़।** ग्राम सहजपाली के आश्रित ग्राम बैगीनडीही दर्राभाटा मे समय से पहले ग्राम सभा होने का मुद्दा थमने का नाम नही ले रहा जनपद पंचायत सीईओ प्रज्ञा यादव इस मामले पर 3 लोगो हबीलाल चौधरी, रेणुका मिंज नोडल अधिकारी ग्राम सभा, बोधन पटेल सचिव ग्राम पंचायत सहजपाली को 1 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। कलेक्टर से हुई शिकायत मे शिकायतकर्ता नारायण प्रधान ने कलेक्टर से शिकायत की है ग्राम बैगीनडीही तहसील बरमकेला मे ग्राम सभा बैठक की नियत तिथि 18 जून थी जिसे सरपंच द्वारा जबरन बिना पूर्व सूचना के आनन फानन मे ग्राम कोटवार के माध्यम से 14 जून को सुबह मुनादी करा दी गई और सुबह 12 बजे ग्राम सभा करा दी गई जब बहुत से लोग गांव में नहीं थे।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का विरोध प्रदर्शन 8 जुलाई को

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती, पदोन्नति में शासन ने निर्देशों की अवहेलना करने का आरोप लगाया है। प्रदेश महामंत्री अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा 21 सितम्बर 2011 को अधिसूचना जारी कर नियम विरूद्ध तरीके से तृतीय श्रेणी अराजपत्रित लिपिक एवं अलिपिक वर्गीय भर्ती नियम की अवहेलना कर सहायक प्रोग्रामर पद पर पदोन्नत कर कर्मचारियों को वायरोलॉजी लैब में नियुक्ति दी गई है। मामले की शिकायत पर संभागायुक्त द्वारा मामले की जांच उपरांत नियम विरूद्ध पदोन्नति को निरस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रबंधन द्वारा पदोन्नति निरस्त नहीं करने से संघ 8 जुलाई को अपनी मांग के समर्थन में अधिष्ठाता कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करेगा।

### महामाया मंदिर के मुख्य द्वार का निर्माण अधर में, श्रद्धालु परेशान



**अम्बिकापुर।** महामाया मंदिर के मुख्य द्वार का निर्माण बेहद धीमी गति से होने के कारण श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। श्रद्धालु लम्बी दूरी तय कर दूसरे रास्ते से मंदिर जा रहे हैं। ननि द्वारा 50 लाख की लागत से रिंग रोड के किनारे भव्य मुख्य द्वार का निर्माण किया जा रहा है। ननि ने मुख्यद्वार के निर्माण की जिम्मेदारी ठेकेदार को सौंपी है तथा निर्माण के लिए एक महीने का समय निर्धारित किया गया है। निर्माण के लिए ननि द्वारा एक महीने तक मार्ग से आवागमन पर रोक लगाई गई है। ठेकेदार ने मुख्यद्वार के निर्माण के लिए आवश्यक तैयारियां कर ली गई है लेकिन 15 दिन का समय गुजरने के बावजूद न तो द्वार निर्माण का कार्य प्रारम्भ हो सका है न ही ढलाई ही हुई है। ऐसे में मुख्यद्वार के निर्माण में लम्बा समय लगने की संभावना है। इधर आवागमन में हो रही समस्या से श्रद्धालु परेशान हैं। मुख्य द्वार के निर्माण का श्रेय लेने की होड़ में लम्बे समय तक व्यस्त रहने वाले जनप्रतिनिधि श्रद्धालुओं की परेशानी से अनभिज्ञ हैं तथा समय सीमा में द्वार का निर्माण पूरा कराने की पहल नहीं कर रहे हैं।

### अंकुर बने कोरिया विभाग संयोजक



**प्रतापपुर।** आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा कवर्धा में 27 से 30 जून तक प्रदेश अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के अंतिम दिन में सूरजपुर जिला के छात्रनेता अंकुर पटेल को छात्र संगठन एबीवीपी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। अंकुर को कोरिया विभाग का विभाग संयोजक बनाया है।

### श्रमदान कर जिला पंचायत परिसर की हुई साफ-सफाई



**सूरजपुर।** हमर सुघर आफिस अभियान के निर्धारित मापदंडों के अनुसार जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के नेतृत्व में ज़िला पंचायत कार्यालय परिसर में सामुहिक स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यालय परिसर में श्रमदान कर साफ सफाई की गई। इस दौरान जिला पंचायत के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आबकारी उड़नदस्ता टीम ने युवक के कब्जे से 12 लीटर अवैध महुआ शराब की जब्त

**बिश्रामपुर।** लटोरी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत भंडारपारा में एक युवक के यहां आबकारी विभाग की संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम द्वारा दबिश देकर युवक से 12 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई है। शनिवार को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम उपायुक्त विजय सेन शर्मा के मार्गदर्शन में गश्त के दौरान टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि लटोरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भंडारपारा निवासी श्रवण दास अपने घर में बड़ी मात्रा में अवैध महुआ शराब का निर्माण कर बेचता है। सूचना पर रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में उड़नदस्ता टीम द्वारा श्रवण दास के घर दबिश दी गई। टीम के घर पर पहुंचते ही आरोपी एक झोला लेकर भागने लगा, जिसे दौड़कर आबकारी आरक्षक द्वारा पकड़ा गया। उसके द्वारा पकड़े गए झोले से 12 लीटर महुआ शराब रखा गया था, जिसे जब्त करके युवक को गिरफ्तार कर लिया गया।आरोपी श्रवण के खिलाफ आबकारी विभाग द्वारा छत्तीसगढ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क, 34 (2) एवं 59 (क) के तहत गिरफ्तार कर सुरजपुर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल दाखिल कर दिया गया है।उक्त कार्यवाही में रंजीत गुप्ता, आरक्षक रमेश दुबे, कुमारु राम अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडेय, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी सक्रिय रहे।

## मनमानी दर पर बिक्री कर रहे खाद व बीज

# नकली खाद-बीज से किसान परेशान बाजार में धड़ल्ले से की जा रही बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**

- बारिश होते ही खेती किसानी में जुटे किसान

बरसात शुरू होने के साथ ही किसान इन दिनों खेती-बाड़ी में व्यस्त है। इधर नगर में बड़े पैमाने पर नकली खाद-बीज की बिक्री दुकानों में धड़ल्ले से की जा रही है। ऐसा नहीं है कि नकली खाद बीज के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों को जानकारी नहीं है बावजूद इसके किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने से नकली खाद बीज के व्यापारियों के हौसले बुलंद है। इधर बाजार में उपलब्ध नकली खाद बीज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

विकासखंड प्रतापपुर क्षेत्र में इन दिनों नकली खाद और बीज की बिक्री इन दिनों धड़ल्ले से चल रहा है वही हाइब्रिड धान, खाद सहित अन्य प्रकार के बीज की कालाबाजारी हो रही है और अनाप-शनाप रेट में किसान लेने को मजबूर हैं। बताया जा रहा है कि यह नकली खाद बिहार एवं उत्तर प्रदेश से 300 से 400 बोरी में आते हैं। जिसे इफको यूरिया सहित कई प्रकार के अन्य खाद ओरिजिनल बोरी की मार्किंग कर नकली खाद को डालकर धड़ल्ले से क्षेत्र में खपाया जा रहा है। क्षेत्र के गरीब किसान नकली खाद एवं बीज के समस्या से जूझ रहे है। किसान अपनी गाढ़ी कमाई का हिस्सा से खाद बीज खरीदते है जबकि बाजार में मिलने वाले खाद नकली एवं उर्वरक कम होते हैं। बनावट खाद दिखने में असली प्रतीत होते हैं जिसकी वजह से किसान ठगे जाते हैं। किसानों ने बताया कि नकली खाद और बीज के वजह से उनके जमीन बंजर हो जा रही है तथा जमीनों का उर्वरक क्षमता कम होती जा रही है। पहले जिस जमीन पर वे प्रति एकड़ में 20 क्विंटल धान कमाते थे अब इसका रकबा घट गया है जिससे क्षेत्र के किसान चिंतित है।



खेत में तैयारी करते किसान, इनसेट में नकली खाद।

**3 सौ रुपए खाद बेच रहे 15 से 18 सौ रुपए में**

नकली खाद क्षेत्र में बड़ी मात्रा में खपाई जा रही है। बरसात का मौसम शुरू होने से पूर्व ही नकली खाद के गोदाम में डंप कर रख दिया जाता है। इसके बाद नकली खाद का बोरी बदलकर असली खाद के बोरी में प्रिंटेड कर डाल दी जाती है। जिसके बाद नकली खाद को ही बाजार में 15 से 18 सौ रुपए में बिकता है।

**खानापूर्ति का आरोप**

कृषि विभाग के अधिकारी जांच के नाम पर किसानों ने खानापूर्ति करने का आरोप लगाया है। सूत्रों की माने तो दुकानदारों से जांच के नाम से खाना पूर्ति कर सैंपल लेते हैं। नकली खाद भी है तो उसके जगह सैंपल में असली खाद लेकर ही भेजा जाता है ताकि स्थिति को सामान्य बताया जा सके। खाद विक्रेताओं ओरिजिनल खाद का गोदाम को दिखाते जबकि कई जगह नकली गोदाम होते हैं। किसानों ने मांग किया है कि शासन प्रशासन द्वारा खाद जांच में पारदर्शिता के साथ प्रत्येक दिन टेस्ट करें ताकि अवैध कारोबारी में हड़प्पा मचा रहे।

**की जाएगी कार्रवाई**

खाद सैंपलिंग सहित लगातार छापामार कार्रवाई की जाएगी। नकली खाद बीज बेचने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। जिले में टीम गठित कर कार्रवाई के अनुशंसा की जाएगी। नकली खाद बीज की शिकायत किसानों से भी मिल रही है।

-शिव शंकर यादव
कृषि विस्तार अधिकारी

# किसान के खाते से दूसरे ने निकाल ली राशि, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना



किसान के खाते से दूसरे व्यक्ति द्वारा राशि निकालने की शिकायत पीड़ित किसान ने कलेक्टर से की है।

जनपद पंचायत भैयाथान अंतर्गत ग्राम पंचायत केवटाली निवासी पूरन राजवाड़े आ. नानराम (45 वर्ष) वर्ष 2022 में अपने नाम पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा बिश्रामपुर में खाता खुलवाया था। खाते के पासबुक में किसान का फोटो भी चिपकाया गया और खाते में किसान द्वारा धान विक्रय भी किया। यहां तक धान विक्रय की राशि भी प्राप्त हुई परंतु वर्ष 2023 में बैंक द्वारा बताया गया कि यह खाता आपका नहीं है। किसान ने बताया कि पूर्व में इसी खाते में धान बेचा था और मुझे उसकी राशि भी प्राप्त हुई है। जिसके बाद बैंक द्वारा किसान के नाम पर दूसरा खाता खोला गया। किसान को 2023 में बिक्री किए गए धान का बोनस का पैसा भाजपा सरकार द्वारा जारी किया गया लेकिन बोनस राशि आज तक किसान को नहीं मिला। पीड़ित किसान ने घटना की शिकायत कलेक्टर से भी किया गया लेकिन शिकायत के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो सका जिससे किसान बैंक का चक्कर लगाने को मजबूर है।

**एक अन्य पूरन राजवाड़े ने निकाल लिया पैसा**

किसान पुरन राजवाड़े द्वारा 1 जनवरी 2023 को मंडी सलका में धान बेचा था। बेचे गए धान का पैसा किसान द्वारा 20 जनवरी को बैंक से 20 हजार निकाला था। किसान दोबारा जब पैसा की आवश्यकता होने पर विश्रामपुर सहकारिता बैंक में निकालने गया तो बैंक मैनेजर ने बताया बताया कि तुम्हारे खाते से दो बार पैसा निकाला जा चुका है। जब किसान ने पैसा नहीं निकालने की बात कही तो जांच में पता चला कि सूरजपुर जिला जनपद पंचायत भैयाथान अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटकोली निवासी एक अन्य पूरन राजवाड़े द्वारा एक ही दिन में दो बार पैसा निकाला था। जिस पर हस्ताक्षर का मिलान किया गया तो हस्ताक्षर नहीं मिला।

**जांच प्रतिवेदन के आधार पर की जाएगी कार्रवाई**

संबंधित अधिकारी को पत्राचार के माध्यम से भेज दिया गया है। जांच कर प्रतिवेदन बनाया जाएगा कि क्या त्रुटि हुई है। जांच प्रतिवेदन के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सतेंद्र भगत, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी

# 3 नए कानून के बारीकियों से अवगत हुए जिले के पुलिस अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- सहायक प्राध्यापक विधि डॉ. प्रिया राव ने वर्चुअल माध्यम से दिया प्रशिक्षण

तीन नए कानून 1 जुलाई से प्रभावशील हो जाएगा, कानून की बारीकियों से अवगत कराने ताकि उसके क्रियान्वयन में दिक्कत न आए इसके लिए आज पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के सहायक प्राध्यापक विधि डॉ. प्रिया राव द्वारा वर्चुअल माध्यम से जिले की पुलिस अधिकारियों को नए कानूनों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

सहायक प्राध्यापक डॉ. राव ने सरल शब्दों में तीन नए कानूनों, एफआईआर दर्ज करने के बाद से लेकर चालान प्रस्तुत करने तक के प्रक्रिया एवं विवेचना के दौरान व्यवहारिक रूप से दिक्कतों का निराकरण कैसे की जाती है, डिजिटल, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के संकलन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में कुल 358 धाराएं होंगी जबकि वर्तमान कानून में यह 511 हैं। जिसमे 21 नई धाराओं को जोड़ा गया है, 41 धाराओं में सजा को बढ़ाया गया है। 82 धाराओं में फाईन को बढ़ाया गया है। 25 धाराओं में न्यूनतम सजा का प्रावधान, 6 धाराओं में सामुदायिक अपराधों को जोड़ा गया है एवं 19 धाराओं को हटाया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में 531 धाराएं होंगी जबकि वर्तमान कानून में यह 484 है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में कुल 170 धाराएं हैं, वर्तमान कानून में 166 धाराएं हैं। जिला पुलिस कार्यालय में उप पुलिस महानिरीक्षक एमआर आहिरे सहित पुलिस राजपत्रित अधिकारी, जिले थाना-चौकी प्रभारी एवं विवेचक वर्चुअल बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक समाप्त होने के उपरान्त एसएसपी एमआर आहिरे ने तीन नए आपराधिक कानून के क्रियान्वयन हेतु तैयारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी इस कानून के बारे में कानूनी किताब एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एसओपी से अवगत होकर जानकारी प्राप्त कर ले ताकि कानून लागू होने पर स्पष्ट तरीके से क्रियान्वयन हो सके और इसमें किसी प्रकार की दिक्कत न जाए। आम लोगों को इन कानूनों की जानकारी हो इसके लिए विभिन्न माध्यमों से कानूनों का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। एक जुलाई को जिला मुख्यालय व हर थाने में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें नए कानून के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, डीएसपी रितेश चौधरी, एसडीओपी नंदिनी ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप सहित जिले के थाना-चौकी प्रभारी मौजूद रहे ।



# आकाशीय बिजली गिरने के मामले में डेंजर जोन बना सोनहत का लटमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बरसात के शुरूआत के साथ ही आकाशीय बिजली गिरने की घटना भी होती है। कोरिया जिले में आकाशीय बिजली कई लोगों की जान ले लेती है, इसके अलावा मवेशियों को भी काल के गाल में समा देता है, वहीं मकानों एवं पेड़ों को भी क्षति पहुंचती है।

आकाशीय बिजली के प्राकृतिक प्रकोप से जिले में प्रतिवर्ष जनहानि होती है। वैसे तो कोरिया जिले में शुरूआती बरसात में आकाशीय बिजली गिरने की घटना अधिक होती है,लेकिन जिले के कई गांव ऐसे भी है,जहां प्रतिवर्ष बरसात के दौरान आकाशीय बिजली कहर बनकर गिनती है। ऐसा ही गांव जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत लटमा है। आकाशीय बिजली के लिए यह गांव डेंजर जोन अंतर्गत आता है, क्योंकि यहां प्रतिवर्ष आकाशीय बिजली गिरने के कारण नुकसान होते आया है। यह तो खुशकिस्मत है कि ग्राम लटमा के पंचायत भवन के पास तड़ति चालक लगा हुआ है और पास में ही



प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय स्थित है, जहां बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं, जिनके लिए पंचायत भवन के पास लगा तड़ति चालक सुरक्षा कवज का कार्य करता है, जिससे कि उक्त दोनों स्कूलों में अब तक किसी प्रकार की यह प्राकृतिक घटना का प्रभाव नहीं पड़ा। जानकारी के अनुसार लगभग डेढ़ दशक पूर्व स्कूल छुट्टी के बाद जब बच्चे अपने-अपने घर जाने के लिए निकले, इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरी और खेल मैदान के कोने के हिस्से में एक छात्र आकाशीय बिजली के चपेट में आने से छात्र की मौत हो गई थी।

# एसएसपी ने सेवानिवृत्त हुए तीन अधिकारियों को किया सम्मानित

**सूरजपुर।** पुलिस विभाग में पदस्थ रहे एसआई जगसाय ने 39 वर्ष 4 माह, एसआई राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव ने 36 वर्ष 10 माह एवं एएसआई शोभित राम ने 42 वर्ष 6 माह तक लगातार अपनी सेवा देकर 30 जून को सेवानिवृत्त हुए। रविवार को जिला पुलिस कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे तीनों अधिकारियों को साल-श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया और पेंशन स्वीकृति का आदेश सौंपा। इस दौरान सेवानिवृत्त एसआई व एएसआई का पूरा परिवार मौजूद रहे।

इस दौरान एसएसपी एमआर आहिरे ने कहा कि तीनों पुलिस अधिकारी लंबी अवधि तक विभाग में सेवाएं दी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ सौंपे गए दायित्व का निर्वहन किया। इनका रिकॉर्ड बहुत अच्छा है इससे दूसरों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस का कार्य लोगों की भलाई और सेवा के साथ ही अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई कर सजा दिलाना होता है जिसे तीनों ने बखूबी निभाया। प्रकृति का नियम है आप दूसरों के लिए अच्छा करेंगे तो आपके साथ अच्छा होगा। सेवा के बाद दूसरी पारी में परिवार के साथ समय व्यतीत कर खुश रहे। पुलिस विभाग की सेवा से सेवानिवृत्त हुए तीनों अधिकारियों को साल, श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया और बेहतर स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान सेवा निवृत्त हो रहे तीनों अधिकारियों द्वारा सेवा के अनुभव को साझा किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, डीएसपी रितेश चौधरी, एसडीओपी नंदिनी ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप सहित जिला पुलिस कार्यालय व रक्षित केन्द्र के अधिकारी मौजूद रहे।



### काम पर जा रहे युवक पर गड़ासा से वार

**अम्बिकापुर।** काम पर जा रहे युवक को एक व्यक्ति ने गड़ासा से जानलेवा हमला कर दिया। घायल को अस्पताल में उपचार जारी है। कांतिप्रकाशपुर निवासी संतोष कुमार टोप्पो आ. भरत साय टोप्पो शुक्रवार को फैक्ट्री में काम करने दोपहर को जा रहा था। जैसे ही युवक फैक्ट्री के समीप पहुंचा तभी गांव के ही महेन्द्र लकड़ा गड़ासा लेकर आने वाले लोगों को मारने दौड़ा रहा था। जिसे देख युवक भागने लगा तो कीचड़ में पैर फंस जाने भाग नहीं सका। इसी बीच महेन्द्र लकड़ा ने उसके पैर में गड़ासा से वार कर दिया। किसी तरह युवक भाग की जान बचाई। परिजन युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट सहित 294, 506, 3233, के तहत अपराध दर्ज किया है।

# नशीले इंजेक्शन का तस्कर जाकर छिप गया नाली में, पुलिसकर्मियों ने खींचकर निकाला बाहर

- 100 नग प्रतिबंधित इंजेक्शन के साथ पकड़े गए थे दो आरोपी, मुलाहिजा के लिए जाते समय भागा था एक आरोपी

**अंबिकापुर।** नशीले इंजेक्शन की तस्करी के आरोप में पकड़ा गया आरोपी युवक पुलिस चंगुल से भाग निकला लेकिन बाद में पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी पुलिस को चकमा देकर नाली में जाकर छिप गया लेकिन पुलिस ने भी आरोपी का पीछा नहीं छोड़ा और फिर आरोपी को नाली के अंदर से खींच कर बाहर निकाला।



फिलहाल आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया है। बता दें कि 28 जून को गांधीनगर पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान कन्या परिसर रोड़ मे दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे थे। पुलिस ने जब घेराबंदी कर युवकों को पकड़ा गया तो उनकी पहचान गांधीनगर गंगापुर नालापारा निवासी 23 वर्षीय सूरज उर्फ रोहित दोहरे व भट्टापारा निवासी 20 वर्षीय रोहित मालाकार को पकड़ा गया था। आरोपियों के पास से 100 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया था। एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किए गए आरोपियों को पुलिस मुलाहिजा के लिए अस्पताल लेकर जा रही थी। इस दौरान रोहित मालाकार पुलिस से हाथ छुड़ाकर भाग निकला। आरोपी के भागने पर पुलिसकर्मियों ने भी उनका पीछा करना शुरू कर दिया। इस दौरान आरोपी भागते हुए मोहल्ले के अंदर एक बड़े नाली में घुसकर छिप गया। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो वार्ड के लोगों ने उन्हें बता दिया कि आरोपी नाली में छिपा हुआ है जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने आरोपी को नाली के अंदर से खींचकर बाहर निकाला और उसके बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया। नशेड़ी आरोपी को नाली से निकालने का वीडियो अब जमकर वायरल हो रहा है।

## अर्थदंड लगाने के निर्देश, सूरजपुर जिले में रक्षित केंद्र व एसपी कार्यालय का निरीक्षण

# आईजी ने रिकार्ड संधारण में लापरवाही पर लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा रेंज के आईजी अंकित गर्ग ने सूरजपुर जिले में वार्षिक निरीक्षण किया। आईजी ने रक्षित केंद्र सूरजपुर में परेड की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को आईजी ने नगद पुरस्कार से प्रोत्साहित किया। वहीं आईजी श्री गर्ग ने वाहन शाखा का निरीक्षण किया और निरीक्षण के दौरान रिकार्ड संधारण में लापरवाही सामने आने पर रक्षित निरीक्षक व वाहन शाखा प्रभारी को फटकार लगाते हुए अर्थ दंड से दंडित किया है।

आईजी ने शासकीय वाहनों का निरीक्षण कर वाहन चालक आरक्षकों का समय-समय पर नेत्र परीक्षण कराने, समय पर वाहनों का सर्विसिंग कराने और वाहन के बेहतर रखरखाव के निर्देश दिए। आईजी ने स्टोर शाखा में रखे सामग्रियों के रख रखाव एवं सही समय पर जवानों को वितरण हेतु निर्देश दिए एवं अन्य उपयोगी उपकरणों को समय समय पर मरम्मत कराने एवं मेंटेन रखने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने आर्म्स शाखा निरीक्षण कर हथियारों को सुरक्षित रखने तथा नियमित रूप से साफ सफाई व मेंटेन रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। रक्षित केंद्र का निरीक्षण करने के बाद आईजी एसपी कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने विभिन्न शाखाओं के कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान रिकॉर्ड संधारण एवं कार्यालयीन कार्यों में लापरवाही, खामियां पाए जाने पर रेंज आईजी द्वारा संबंधित शाखा प्रभारियों को फटकार लगाते हुए अर्थदंड से दंडित किया गया। निरीक्षण उपरान्त आईजी अंकित गर्ग व एसएसपी एमआर आहिरे द्वारा रक्षित केंद्र सूरजपुर में पुलिस दरबार का आयोजन किया गया। दरबार में पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों से रूबरू होते हुए रेंज आईजी ने उनकी समस्याएं सुनी और निराकरण का आश्वासन दिया। एक जवान के द्वारा रक्षित केंद्र में पानी की उपलब्धता के लिए ओव्हर हेड टैंक निर्माण कराए जाने की गुजारिश की जिसपर आईजी द्वारा निर्माण कराने की प्रक्रिया पर जल्द कार्रवाई करने की बात कही। इस दौरान एएसपी संतोष महतो, सीएसपी एसएस पैंकरा, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, डीएसपी अजाक पीडी कुजूर, डीएसपी रितेश चौधरी, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, आईजी स्टेनो पुष्पेन्द्र शर्मा, रीडर सुभाष ठाकुर व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।



# हर्राटिकरा में विद्युत केबल विस्तार कार्य में ठेकेदार की मनमानी से ग्रामीण परेशान

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में विद्युत विभाग के केबल विस्तार को ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीक़े से लगाए जाने पर स्थानीय ग्रामीणों में ख़ासी नाराज़गी देखने को मिल रही है।

गौरतलब है कि बिश्रामपुर विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में कुछ दिनों विभागीय अधिकारियों के मंशानुरूप एलटी लाइन की वर्षों पुरानी जर्जर तार को बदलकर पोल के माध्यम से केबल बिछवाने का कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर ठेकेदार द्वारा लोगों के घरों, दरवाजे, बाड़ी, सड़क व अन्य स्थानों पर मनमानी तरीके से पोल शिफ्ट करके केबल विस्तार किए जाने का कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा यहां पर कुछ नई पोल के अलावे पुरानी पोल के सहारे ही केबल विस्तार करके शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाए जाने का कार्य कराया जा रहा है। ठेकेदार की मनमानी के शिकायत ग्रामीणों द्वारा विभागीय अधिकारियों से किए जाने के बाद भी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं होने से लोगों में खासी नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से मांग किया है कि यहां पर ठेकेदार द्वारा कराए गए नियम विरुद्ध कार्य की जांच कराकर तत्काल कार्यवाही की जाए। साथ ही मामले की जांच उपरांत कार्यवाही नहीं किए जाने पर लोगों ने विभागीय कार्यालय का घेराव करके विरोध प्रदर्शन किए जाने की बात भी कही है। बिश्रामपुर विद्युत वितरण केंद्र के सहायक अभियंता प्रतीक बड़ा ने बताया कि हर्राटिकरा गांव में विद्युत केबल की शिकायत ग्रामीणों से मिली है।



# चुनाव हारने के बाद फिल्म की ओर लौटे निरहुआ...

**मुंबई।** भोजपुरी इंडस्ट्री के सितारे एक्टर दिनेश लाल यादव यानी निरहुआ ने चुनाव में हारने के बाद सिनेमा की ओर फिर से अपना रुख कर लिया है। उन्होंने हाल ही में एक फिल्म संकल्प की शूटिंग पूरी की। बता दें कि निरहुआ ने आजमगढ़ सीट से चुनाव लड़ा था और हार गए थे। सिनेमा में वापस आने पर निरहुआ ने कहा, एक्टिंग मेरा मुख्य काम है, हमारी पार्टी भी कहती है कि जिस काम से पहचान मिलती है, उसको प्राथमिकता से करते रहना चाहिए। उसके साथ समाज के लिए भी वक्त निकालना चाहिए। जनता के आदेश से मैंने सेवा की और अब फिल्मों के माध्यम से उनका मनोरंजन करूंगा।

लाइफ Style

# सामंथा

## वेब सीरीज में आदित्य संग आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अगर यह खबर सच हुई तो यह पहली बार होगा जब आदित्य और निर्देशक जोड़ी किसी प्रोजेक्ट में साथ काम करेंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। अभिनेता इसमें एक खिलाड़ी के रूप में दिखाई देंगे।

'रक्तबीज' में आदित्य के साथ दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु राज एंड डीके की आगामी वेब सीरीज में फिर आदित्य के साथ नजर आ सकती हैं। वह इस सीरीज में जबरदस्त एक्शन करती दिखाई देंगी। यह सामंथा और आदित्य के बीच पहला सहयोग होगा। राज एंड डीके ने निर्देशन की दुनिया में अपनी एक खास जगह बनाई है। ये निर्देशक जोड़ी इससे पहले अभिनेता मनोज बाजपेयी (द फैमिली मैन), सिद्धार्थ मल्होत्रा (ए जेंटलमैन), शाहिद कपूर (फर्जी), राजकुमार राव (गन्स एंड गुलाब्स) के साथ काम कर चुकी है। बॉलीवुड की एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि आदित्य ने एक्शन निर्देशक जोड़ी राज एंड डीके के साथ एक प्रोजेक्ट साइन किया है। अगर यह खबर सच हुई तो यह पहली बार होगा जब आदित्य और निर्देशक जोड़ी किसी प्रोजेक्ट में साथ काम करेंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। अभिनेता इसमें एक खिलाड़ी के रूप में दिखाई देंगे। अभिनेता आदित्य रॉय कपूर को आखिरी बार मृणाल ठाकुर के साथ फिल्म 'गुमराह' में देखा गया था। यह फिल्म बीते साल 7 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



हॉलीवुड मसाला



# मौत के समय हो चुके थे दिवालिया

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर पॉप स्टार माइकल जैक्सन किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। जब तक वे जिंदा थे अपनी लग्जरी जिंदगी और विवादित फैसलों की वजह से सुर्खियों में बने रहे। अपनी मौत के बाद भी माइकल जैक्सन का नाम अक्सर चर्चा में शामिल होता ही रहता है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो जब गायक की मौत की मौत हुई थी तब उनपर 500 मिलियन डॉलर का कर्ज था। माइकल जैक्सन पूरी दुनिया में चैरिटी यानी दान देने के लिए मशहूर थे।



# नए टीजर में आमने-सामने आए सबर्टूथ और वूल्वरिन...

**लॉस एंजिल्स।** रयान रेनॉल्ड्स और ह्यू जैकमैन अभिनीत 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' अगले महीने सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म के टीजर और ट्रेलर ने दर्शकों के उत्साह को बरकार रखा है। इसी बीच शॉन लेवी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का एक और टीजर जारी कर दिया गया है, जिसे देखकर प्रशंसक फूले नहीं समा रहे हैं। टीजर में टायलर माने के किरदार सबर्टूथ और ह्यूज के किरदार वूल्वरिन का आमना-सामना देखने को मिल रहा है। शनिवार को 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' के नए टीजर का अनावरण किया गया, जिसमें रयान रेनॉल्ड्स डेडपूल के रूप में अपनी भूमिका दोहराते नजर आ रहे हैं। टायलर माने, जिन्होंने पहली बार 2000 में मूल एक्स-मेन फिल्म में सबर्टूथ का किरदार निभाया था, खलनायक के रूप में वापस लौटे हैं।



# चुनौतीपूर्ण किरदार कर स्क्रीन पर छाईं....

**मुंबई।** रश्मि देसाई एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो सही मायनों में कड़ी मेहनत को परिभाषित और दर्शाती हैं। वह जिस भी प्रोजेक्ट का हिस्सा होती हैं, उसमें हमेशा एक शानदार कलाकार के रूप में सामने आने में सफल रहती हैं। उनके नए प्रोजेक्ट के बारे में बात करें तो फिल्म 'जेएनयू' में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। रश्मि देसाई फिल्म में अपने किरदार से हर जगह दिल जीत रही हैं। फिल्म में रश्मि देसाई का किरदार एक लेखिका और जेएनयू की प्रोफेसर निवेदिता मेनन के जीवन पर आधारित है। रश्मि ने मिल रहे प्यार और सराहना पर कहा वास्तविक जीवन के किरदार निभाना हमेशा एक चुनौती होती है क्योंकि दर्शकों के पास हमेशा एक स्मरण बिंदु होता है लेकिन मैं चुनौती के लिए तैयार थी। निर्देशक हमेशा मेरे लिए जहाज का कप्तान होता है।




# 'सरफिरा' के पोस्टर ने मचाया तहलका

**मुंबई।** बालीवुड एक्टर अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म सरफिरा के पोस्टर रिलीज के बाद फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया, जिसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया और प्रशंसकों को बेहद उत्साहित कर दिया। वहीं उनके सह-कलाकार परेश रावल ने भी स्टार की प्रशंसा की और एक्स पर लिखा, अक्षय कुमार की बेहतरीन फिल्म। वहीं अक्षय कुमार ने जवाब में कहा, बहुत-बहुत धन्यवाद परेश भाई। आपकी मौजूदगी ने इस फिल्म में बहुत कुछ जोड़ा। 12 साल बाद आपके साथ दोबारा स्क्रीन पर जुड़कर खुशी हुई। अक्षय कुमार और परेश रावल ने पिछले कुछ वर्षों में कुछ आइकोनिक फिल्मों में एक साथ काम किया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, परेश रावल, राधिका मदन और सीमा बिस्वास नज़र आएंगे।

टीवी मसाला

# छोटे पर्दे से कपिल की छुट्टी करेंगे जाकिर...

**नई दिल्ली।** कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के 'द कपिल शर्मा शो' के दर्शक दीवाने हैं। सभी अपने परिवार के साथ बैठकर इस शो का लुत्फ उठाते थे। हालांकि, अब दर्शकों को टीवी पर कपिल के लौटने का इंतजार है, क्योंकि



उन्हें टीवी शो बंद कर नेटफ्लिक्स से दर्शकों को हंसाना शुरू किया है। इस बीच प्रसिद्ध स्टैंअप कॉमेडियन जाकिर खान ने अपने टीवी शो की घोषणा की है। कयास लगा रहे हैं कि वह टीवी पर कपिल की जगह लेने वाले हैं।

***'आपका अपना जाकिर' का किया ऐलान :*** जाकिर ने अपने नए कॉमेडी शो का ऐलान किया है, जिसका नाम 'आपका अपना जाकिर' है। वह इस शो के जरिए टीवी की दुनिया में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह शो सोनी टीवी पर प्रसारित होगा। निर्माताओं ने कॉमेडियन के साथ मिलकर इसका टीजर भी साझा किया है। वीडियो को साझा करते हुए उन्होंने लिखा, आप देखेंगे। हम देखेंगे। सब देखेंगे 'आपका अपना जाकिर', सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर। बहुत ही जल्द।

***जाकिर खान लेंगे कपिल की जगह :*** 'द कपिल शर्मा शो' का आखिरी एपिसोड पिछले साल जुलाई में प्रसारित हुआ था। प्रशंसक वीकेंड के दिनों में शो का बेसब्री से इंतजार करते थे, लेकिन कपिल ने टीवी पर वापसी नहीं की। ऐसे में 2023 से एक कॉमेडी शो के लिए सोनी पर स्लॉट खाली था। जाकिर के नए शो की शुरुआत के साथ, यह अनुमान लगाया जा रहा है कि टीवी चैनल 'द कपिल शर्मा शो' की जगह 'आपका अपना जाकिर' लेकर आया है।

### 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में व्यस्त हैं कपिल

कपिल और उनकी टीम ने टीवी की बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर जाना चुना और वे फिलहाल अपने शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में व्यस्त हैं। इस शो के अब तक 12 एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं और इसी के साथ इसका समापन हो गया। हालांकि, कपिल ने 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के दूसरे सीजन का ऐलान कर दिया है, जो जल्द नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा। फिलहाल दूसरे सीजन की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।

### जाकिर को ऐसे मिली प्रसिद्धि

जाकिर की बात करें तो कॉमेडियन ने साल 2012 में 'कॉमेडी सेंट्रल' में भारत के सर्वश्रेष्ठ स्टैंड-अप कॉमेडियन का खिताब जीतकर लोकप्रियता हासिल की थी। जाकिर लोगों के बीच अपने वीडियो के चलते सुर्खियों में बने रहते हैं। उन्होंने अब तक ओटीटी पर 'हक से सिंगल', 'कक्षा ग्यारवी', 'तथास्तु' और 'मनपसंद' जैसे स्टैंडअप स्पेशल जारी किए हैं। इसके साथ ही जाकिर हाल ही में 'चाचा विधायक हैं हमारे' के तीसरे सीजन में भी नजर आए थे।

# नवाजुद्दीन बोले- मेरी शक्ल-सूरत ऐसी थी गरीब नहीं था; बताया क्यों की चौकीदारी...

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपने मन की बात कहने के लिए जाने जाते हैं। उनकी यह बेबाकी उनके प्रशंसकों को खूब भाती है। अक्सर नवाज के बारे में यह कहा जाता है कि वह गरीब हैं और गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। अब उन्होंने खुद यह साफ कर दिया है। एक हालिया इंटरव्यू में अभिनेता ने बताया कि लोग उनकी शक्ल देखकर चक्कर में पड़ जाते थे। उन्हें लगता था कि ये गरीब ही होगा।

***संपन्न परिवार का हिस्सा रहे अभिनेता :*** आपको बता दें कि नवाज बचपन से ही संपन्न परिवार का हिस्सा रहे हैं। वह अपने 8 भाइयों और बहनों में सबसे बड़े हैं। उन्होंने हरिद्वार के गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय से केमिस्ट्री में ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की है। डिग्री करने के बाद वह नौकरी की तलाश में निकले और वड़ोदरा में एक केमिस्ट के रूप में जॉब की। इसके बाद वह दिल्ली पहुंचे और पहली बार थिएटर देखते ही एक्टिंग की ओर झुक गए।



***फिल्मों में काम पाने चौकीदारी तक की :*** फिल्मों में काम खोजने के लिए नवाज ने काफी संघर्ष किया। इस दौरान उन्होंने घर से मदद लेने की जगह आत्मसम्मान को चुना और इसलिए एक समय में चौकीदार की नौकरी भी की। उन्होंने आमिर खान की सुपरहिट फिल्म 'सरफरोश' में एक छोटे से रोल से शुरुआत की, लेकिन इसके बाद उन्हें 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से असली पहचान मिली। नवाज कभी फिल्मों में छोटा सा किरदार पाने के लिए तरसते थे और आज वह करोड़ों रुपये के मालिक हैं।

***'रौतू का राज' में नजर आ रहे नवाज :*** इन दिनों नवाज क्राइम थ्रिलर फिल्म 'रौतू का राज' में नजर आ रहे हैं, जिसकी कहानी तो कुछ खास नहीं, लेकिन नवाजुद्दीन ने अपनी शानदार अदाकारी से इसे जरूर दिलचस्प बना दिया है। फिल्म में उन्होंने इंस्पेक्टर दीपक नेगी कि किरदार निभाया है।



# आयरनमैन रेस के लिए जमकर बहा रहीं पसीना

**मुंबई।** मुंबई की मानसून के बीच भी फिटनेस फ्रीक बॉलीवुड एक्ट्रेस सैयामी खेर आयरनमैन रेस के लिए ट्रेनिंग में जमकर पसीना बहा रही हैं। वह 15 सितंबर को जर्मनी में होने वाली आयरनमैन ट्रायथलॉन में हिस्सा लेंगी। बता दें कि सैयामी एक्टिंग के अलावा रेसिंग के लिए भी जानी जाती हैं। वह दुनिया भर के कई रेसिंग कंपटीशन में हिस्सा ले चुकी हैं। सैयामी ने कहा, मेरी हमेशा से ही स्पोर्ट्स में दिलचस्पी रही है। मैंने दो फुल मैराथन और 20 से ज्यादा हाफ मैराथन में हिस्सा लिया है। इसलिए मेरा अगला लक्ष्य आयरनमैन है। स्पोर्ट्स मुझे दिमागी तौर पर मजबूत बनाता है। यह दिमाग को शांत करने का मेरा तरीका है।

### दौड़ना बंद नहीं कर सकती रेस तीन माह बाद

उन्होंने कहा, मैं मुंबई में रहती हूं, और यह मानसून का मौसम है। मैं मौसम के चलते दौड़ना बंद नहीं कर सकती, क्योंकि रेस मात्र तीन महीने दूर है। मौसम मेरी मेहनत में रुकावट नहीं बनेगा। मुझे वास्तव में बारिश में दौड़ना और तैरना पसंद है। मुझे बारिश के मौसम में खाली सड़कें भी पसंद है! सैयामी की ट्रेनिंग में इनडोर और आउटडोर एक्सरसाइज शामिल हैं। वह अपने रनिंग सेशन के लिए बारिश के बावजूद बाहर निकलती हैं जबकि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और साइकिलिंग के लिए इनडोर फैसिलिटी का इस्तेमाल करती हैं।

## अंतरिक्ष में गोल-गोल घूमने वाले चांद पर भी जमीन के बन गए मालिक

# सुशांत ही नहीं, इन बॉलीवुड-टीवी सितारों के पास भी है चांद पर जमीन

***मुंबई।*** *सिनेमा की दुनिया के सितारों के बीच देश-विदेश में जमीन खरीदना आम बात है। बहुत से सितारों ने विदेशों में करोड़ों रुपये निवेश कर आलीशान बंगले खरीदे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि अब बॉलीवुड और टीवी जगत के कुछ सितारे धरती पर ही नहीं, बल्कि अंतरिक्ष में गोल-गोल घूमने वाला चांद पर भी जमीन के मालिक बन गए हैं। आज हम सिनेमा जगत के ऐसे सितारों के बारे में बताएंगे जिन्होंने चांद पर जमीन खरीदी है।*

**सुशांत सिंह राजपूत :** अंतरिक्ष और तारों के लिए दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत का प्यार किसी से छिपा नहीं है। वह धरती के बाहर की दुनिया के बारे में जानने के लिए हमेशा उत्सुक रहते थे। उन्होंने इसी उत्सुकता के चलते साल 2018 में चांद पर एक जमीन खरीदी थी। अभिनेता ने चांद के दूसरी तरफ एक जमीन का टुकड़ा खरीदा था, जिसे मैरे मुस्कोविएन्से या 'सी ऑफ मस्कॉवी' कहा जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने जमीन 55 लाख रुपये में खरीदी थी।



**अंकित गुप्ता :** टीवी की दुनिया में 'उडारियां' और 'सड्डा हक' जैसे सीरियल से धमाल मचाने वाले अंकित गुप्ता को प्रसिद्धि सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस 16' से मिली थी। अंकित के पास भी चांद पर जमीन का एक टुकड़ा है। यह उन्होंने अपने आप नहीं खरीदी बल्कि यह उन्हें एक फैन ने तोहफे में दी थी। इसकी कीमत के बारे में कोई जानकारी नहीं है।



**प्रियंका चाहर चौधरी :** टीवी अभिनेत्री प्रियंका चाहर चौधरी भी चांद पर जमीन के एक टुकड़े की मालकिन हैं। अंकित की तरह ही उन्हें भी यह उपहार में मिली है। दअरसल, रियलिटी शो 'बिग बॉस 16' से बाहर निकलने के बाद उनके एक उत्साही प्रशंसक ने उन्हें चांद पर 1 एकड़ जमीन उपहार में दी थी। बता दें, प्रियंका ने 'उडारियां' में काम किया है। वह 'बिग बॉस 16' के फाइनल में पहुंचे 3 प्रतियोगियों में से एक थीं।



**शाहरुख खान :** शाहरुख खान के पास भी चांद पर एक जमीन है। साल 2009 में शाहरुख ने खुलासा किया था कि ऑस्ट्रेलिया की एक महिला हर साल उनके जन्मदिन पर उनके लिए थोड़ी सी जमीन खरीदती है। शाहरुख की जमीन को 'सी ऑफ ट्रैंक्विलिटी' कहा जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 1 एकड़ जमीन की कीमत लगभग 37.50 अमेरिकी डॉलर यानी 31.25 करोड़ रुपये है। तब से सुपरस्टार को कई एकड़ जमीन उपहार में दी जा चुकी है।



## खबर संक्षेप

### प्रियंका को शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान

**सारंगढ़।** जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर प्रियंका गोस्वामी को शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षा दूत पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेश साहू कलेक्टर सारंगढ़ रहे। कार्य क्रम में डॉ. वर्षा बंसल डिप्टी कलेक्टर, अनिकेत साहू एस डीएमए एसएन भगत डीईओ सारंगढ़ बिलाईगढ़ के हाथों से सम्मानित किया गया। इस दिन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण ज्ञान दीप पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षक जगजीवन प्रसाद जांगड़े द्वारा शिक्षिका प्रियंका गोस्वामी को अमरूद आम मीठा, नीम का पेड़ दे कर सम्मानित किया गया ।जिसे उनकी याद में वृक्ष को रोपण किया गया। वर्तमान में शिक्षिका प्रियंका गोस्वामी शाप्राशा बुटीपारा में पदस्थ हैं। प्रियंका गोस्वामी को विभिन्न क्षेत्र में सम्मानित किया जा चुका है राज्य स्तर आनलाईन क्लास पढ़ई तुंहर दुवार, तत्कालीन शिक्षा सचिव स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा यू ट्यूब आई डी में कोरोना वीर राष्ट्रीय प्रतिभा अलंकरण दिल्ली में आयोजित साहित्य शिक्षा मंथन से शिक्षा दूतए अंगना में शिक्षा 3.0 में कार्य व शैक्षणिक गतिविधि में विशेष योगदान हेतु सारंगढ़ बिलाईगढ़ कलेक्टर द्वारा सम्मानितएनवा जतनए अंगना में शिक्षा, बोल्तु के बोल, नवा चारी शिक्षक आदि गतिविधि करने पर ब्लाक, ज़िला, राज्य स्तर से सम्मानित किया जा चुका है।

### पुर्नमूल्यांकन के बाद छात्रा टॉप टेन में

**घरघोड़ा।** स्वामी आत्मानंद



शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय घरघोड़ा में सत्र 2022-23 में दानवेंद्र कर्ष ने कक्षा दसवीं में छत्तीसगढ़ हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2023के मेरिट सूची में 9जी स्थान प्राप्त किया था। पुनः इतिहास रचते हुए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय घरघोड़ा की मेधावी छात्रा कु खुशी पटेल पिता कन्हैयालाल पटेल माता श्रीमती गीता पटेल ने पुनर मूल्यांकन उपरांत 585 अंक 97.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2024 के टॉप 10 मेरिट सूची मेंआठवां स्थान प्राप्त विद्यार्थी की बराबरी कर ली है। किसी भी विद्यालय के लिए वहां के विद्यार्थी का टॉप 10 में स्थान लाना अत्यंत गौरव का विषय होता है। और यह यदा कदा संभव हो पाता है।

## निधन

### राजेश मिश्रा

**रायगढ।** भारतीय जीवन बीमा



निगम के सेवानिवृत्त विकास अधिकारी राजेश मिश्रा का 73 वर्ष की आयु में 30 जून को निधन हो गया। वे सीएसपीडीसीएल के रिटायर्ड सेक्शन ऑफिसर संजय मिश्रा के बड़े भाई थे। राजेश मिश्रा अपने पीछे दो बेटे अधिवक्ता वैभव मिश्रा और विनम्र मिश्रा सहित भरे पूरे परिवार को रोते बिलखते छोड़ गए हैं। दिवंगत राजेश मिश्रा का पार्थिव देह दिल्ली से रायगढ़ लाया जा रहा है। श्री मिश्रा की शवयात्रा 2 जुलाई की सुबह 9 बजे उनके निवास स्थान से निकलेगी और सर्किट हाउस रोड स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार होगा।

### दिलीप दुबे

**रायगढ़।** शहर के बैकुंठपुर महावीर



चौक निवासी दिलीप दुबे उर्फ सोनू महाराज उम्र 49 वर्ष का 30 जून को इलाज के दौरान रायपुर में दुखद निधन हो गया उनके निधन के समाचार से बैकुंठपुर क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। उनके पिता धीरज दुबे पुलिस विभाग से सेवानिवृत है। उन्होंने अपने पीछे अपने दो बड़ भाई कैलाश दुबे और किशोर दुबे गुड्डी कार्यरत पुलिस विभाग के परिवार को रोता बिलखता छोड़कर चले गए। उनकी अंतिम यात्रा कल मंगलवार 2 जुलाई को सुबह 8 बजे उनके निवास स्थान बैकुंठपुर महावीर चौक से निकाली जाएगी।

---

### 1 जुलाई से पहले के मामलों में पुरानी धाराएं

# नए कानून में आईपीसी हुई बीएनएस सीआरपीसी, कानूनों से हटा इंडिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ





नए आपराधिक कानून लागू होने पर सोमवार से एफआईआर दर्ज होने की शिकायत लेकर जगह जगह भटकने की जरूरत नहीं, अब ई.मेल, वाट्सऐप से थाने को सूचना भेजने पर भी एफआईआर दर्ज हो जाएगी। बस आपको करना यह होगा कि तीन दिन के भीतर थाने जाकर शिकायत पर हस्ताक्षर करने होंगे।

कोर्ट भी आपको ई मेल, वाट्सऐप आदि से समन भेज सकता है। टंकी पर चढ़कर मांग मनवाने वालों पर भी अब एफआईआर दर्ज हो सकती है। भारतीय न्याय संहिता बीएनएस भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस व भारतीय साक्ष्य अधिनियम बीएसए में ऐसे ही तमाम बदलाव किए गए हैं। इन कानूनों में अब अंग्रेजी में भी इंडिया शब्द हटा दिया, इसकी जगह भारत शब्द ही लिखा जाएगा। ई.एफआईआर, जीरो एफआईआर आदि के लिए पुलिस ने दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।

अपराध जुलाई से पहले का है तो पुरानी धाराओं में ही दर्ज होगा अंग्रेजों के जमाने में बना कानून एक जुलाई यानि आज से बदल जाएगा। लेकिन एक जुलाई से पहले होने वाली कोई घटना या फिर वारदात सामने आती है तो वह अब भी पुराने कानून के तहत दर्ज होगी। फिलहाल एक जुलाई से थानों में नए पुराने कानून के तहत केस दर्ज होंगे। प्रशिक्षण संस्थानों में अभी नए व पुराने कानून के तहत पढ़ाई होगी। नए कानून की पालना में शुरुआत में लागू करने में कई कमियां सामने आएंगी, उन्हें दूर किया जाएगा। एक जुलाई से होने वाली वारदात नए कानून के तहत ही दर्ज होगी। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने एफआइआर के पंजीकरण सहित अन्य सुविधा के लिए क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम एप्लिकेशन में 23 संशोधन किए हैं।

#### नहीं हुई ट्रेनिंग

जज, सरकार के वकील, पुलिस सबके लिए ट्रेनिंग हो चुकी, लेकिन आम आदमी की ओर से पैरवी करने वाले वकीलों की न सरकार ने ट्रेनिंग कराई और न ही न्यायालय प्रशासन ने। ऐसे में आम आदमी का पक्ष मजबूती से कैसे रखा जाएगा।

रमेश शर्मा
अध्यक्ष, बार एसोसिएशन रायगढ

### तिलक वंदन के साथ नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत

**रायगढ़।** विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, पुसौर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्या देवी माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर वैदिक मंत्रोचारण के साथ किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों को अतिथियों द्वारा तिलक वंदन कर पुष्प माला से स्वागत कर पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कन्या शाला पुसौर के स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। स्वागत उद्बोधन आरके पटेल व्याखाता हायर सेकेंडरी स्कूल पुसौर द्वारा किया गया। इस दौरान रितेश थवाईत, मोहित सतपथी, घनश्याम पटेल, उमेश साव, किशोर कसेर, श्रीमती नेहा उपाध्याय, दिनेश पटेल विकास खंड शिक्षा अधिकारी पुसौर के द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि बेहतर शिक्षा, अनुशासन एव विद्यार्थी अवस्था समग्र जीवन की नींव होती है इस विषय पर अपनी बात रखते हुए सभी बच्चों की अच्छे पढने लिए के लिए प्रेरित किया गया। शाला प्रवेशोत्सव के दौरान मध्यान्ह भोजन के साथ न्योता भोज का आयोजन हुआ।

## 1 जुलाई से हुए बदलाव, जीवन और जेब दोनों प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एक जुलाई से बहुत कुछ बदलने वाला है जो सीधे तौर पर आपके जीवन को प्रभावित करेगा। देश में तीन नए कानून लागू होंगे, जिससे कई धाराएं बदल जाएंगी। पुलिस एफआईआर तक ऑनलाइन हो जाएगी। मोबाइल टैरिफ आपकी जेब पर असर डालेंगे। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ट्राई एक जुलाई से नियम बदल रही है। इसमें अब सिम गुम, चोरी या खराब हो जाने पर तत्काल नहीं मिल सकेगी। यूजर्स को नई सिम के लिए सात दिन तक का इंतजार करना पड़ेगा। सिम स्वैपिंग फ्रॉड को रोकने के लिए यह व्यवस्था की गई है।

#### सिलेंडर की कीमतें बदलेंगी

ऑयल मार्केटिंग कंपनिया हर महीने के पहले दिन एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में संशोधन करती हैं और 1 जुलाई को सुबह छह बजे नए रेट आ सकते हैं। घर की रसोई में इस्तेमाल होने वाले 14 किलोग्राम वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत लंबे समय से स्थिर बनी हुई है। अब देखना कीमत बढ़ती है या घटती है।

#### नया कानून प्रभावी

1 जुलाई को सबसे बड़ा बदलाव दण्ड आधारित न्याय प्रणाली के लिए पुराने आपराधिक कानूनों की जगह अब तीन नए आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। यह तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 हैं।

#### तीन महीने नदी से रेत उत्खनन नहीं

जिले में बारिश के दौरान 3 महीने नदियों से रेत उत्खनन पर रोक लगा दी है। 1 जुलाई से 30 सितंबर तक रेत का उत्खनन पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। यदि कोई रेत खनन करते हुए मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

#### इन पर भी असर

1. क्रेडिट कार्ड बिल अब भारत बिल पेमेंट सिस्टम यानी बीबीपीएस के माध्यम से होंगे। ऐसे में कुछ पेमेंट विकल्प आपको बिल भुगतान में दिक्कत कर सकते हैं।
2. पंजाब नेशनल बैंक तीन साल से बिना ट्रांजेक्शन और जीरो बैलेंस वाले खातों को बंद कर देगा।

## 90 फीसद से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को शिक्षक दे रहे नकद ईनाम

**सरिया।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सरिया के व्याख्याता शिक्षक समय लाल काठे ने अनुठी पहल करते हुए 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रोत्साहन राशि देने का ऐलान किया है। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत एवं लगन से पढ़ाई करने का आव्हान किया। और कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है।



इस वर्ष 2023-24 में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सरिया के कक्षा दसवीं के छात्र मनीष कुमार चौहान सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में प्रथम स्थान आने पर उनका सम्मान व्याख्याता शिक्षक समय लाल काठे ने नगद राशि भेंट कर किया। पुरस्कार की राशि रायगढ़ विधायक एवं वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ओपी चौधरी के कर कमलो से किया गया। इसी तरह शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सरिया के ही मेधावी छात्र सत्यम दुबे, साहिल प्रधान, शिवम दुबे ने भी शाला का नाम रोशन करने पर विद्यालय के शिक्षक व्याख्याता समय लाल काठे ने 2500, 2500 रुपए भेंट कर प्रोत्साहित किया। व्याख्याता शिक्षक समय लाल काठे ने संकल्प लेते हुए कहा कि जब तक मैं इस संस्था में पदस्थ हूँ। मेरे द्वारा मेधावी छात्रों को पांच-पांच हजार रुपए भेंट कर सम्मान करुंगा। इस वर्ष कक्षा दसवीं के छात्र मनीष कुमार चौहान ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन से शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सरिया का भी नाम रोशन हुआ। इसी क्रम में हमारे संस्था के अन्य मेधावी छात्रों ने भी अपने अभिभावकों का सर गर्व से ऊंचा किया है। हायर सेकेंडरी स्कूल सरिया का नाम भी गौरवान्वित हुआ है।

### सेवानिवृत एएसआई को थाने में दी गई विदाई

**रायगढ़।** थाना भूपदेवपुर में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक बालकृष्ण डनसेना तथा रक्षित केन्द्र में पदस्थ प्रधान आरक्षक दौलत सिदार, आरक्षक फुलजेंस एक्का अपनी आधिवार्षिकी आयु 62 वर्ष पूर्ण कर जिला पुलिस रायगढ़ से सेवानिवृत हुए। थाना भूपदेवपुर में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खरसिया प्रभात कुमार पटेल, थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक सीताराम ध्रुव तथा निरीक्षक रामकिंकर यादव द्वारा शॉल श्रीफल से बालकृष्ण डनसेना का सम्मान कर शुभकामनाएं दी गई। सहायक उप निरीक्षक बालकृष्ण डनसेना थाना चक्रधरनगर, कोतवाली, सारंगढ़, यातायात, भूपदेवपुर में अपनी सेवाएं दिए हैं।

## स्वास्थ्य अधिकारी ने ली बैठक, मातृ मृत्यु के संबंध में हुई विस्तृत चर्चा

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.बीके चंद्रवशी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की मातृ मृत्यु की समीक्षा की गई। जिसमें महिला बाल विकास के समस्त जिला नोडल अधिकारी डॉ. बीपी पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, आरएम एनसीएच, सलाहकार डॉ राजेश मिश्रा, विकासखंड के खंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं महिला एवं बाल विकास के सुपरवायजर, संबंधित क्षेत्र के आरएचओ महिला पुरूष उपस्थित रहें।



बैठक में मृत गर्भवती महिलाओं की किन कारणों व किस कमी की वजह से इनकी मृत्यु हुई इनके बारे में गहनता से बिन्दुवार समीक्षा की गई। बैठक में गर्भवती महिलाओं का एनीमिक होना व एनीमिक पाये जाने पर उनका सही ढंग से फालोअप लेना जैसे आयरन व कैल्शियम की दवा का फालोअप करना सही ढ़ंग से प्रत्येक एएनसी जांच पर उनका हीमोग्लोबिन, बीपी यूरिन शूगर, यूरिन एल्बुमिन की जांच का सही रिपोर्टिंग करना, सही वजन लेना, जिस महिला का हाई रिस्क हो तो उनका समय समय पर फालोअप करना, उनके प्रसव से संबंधित पुराने रिकार्ड की समीक्षा करते हुए उनकी जांच पर विशेष ध्यान देने के लिए व प्रशासनिक रूप से सभी खंड चिकित्सा अधिकारी व चिकित्सा अधिकारी में होने तक मितानिन एएनएमए द्वारा गृह भेंट 1, 3, 7, 14, 28, 42, 90 दिन तक घर में जाकर उनके स्वास्थ्य के बारें में विस्तृत जानकारी लेने हेतु निर्देश दिए गए।

## टीबी मरीजों को फूड बास्केट का किया गया वितरण



**रायगढ।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में टीबी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण किया गया। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में टीबी बीमारी से मुक्त रहने को लेकर विकासखण्ड धरमजयगढ़ के टीबी मरीजों के बीच पौष्टिक आहार फूड बास्केट का वितरण स्कैनिया स्टील एंड पावर लिमिटेड पूंजीपथरा, घरघोड़ा के द्वारा किया गया।

स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों में टीबी उन्मूलन हेतु वर्ष 2025 का लक्ष्य रखा गया है जो कि संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास लक्ष्यों के द्वारा निर्धारित समय सीमा 2030 से पांच वर्ष पहले है। शासन द्वारा राज्य को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में कई कार्यक्रम चलाए जा रहे है। जिसका लाभ स्थानीय ग्रामीण उठा पा रहे है। टीबी से ग्रसित लोगों के बीच फूड बास्केट का वितरण करते हुए टीबी बीमारी को लेकर जागरूक किया गया है। टीबी से लडऩे के लिए दवा के अलावा पोषण युक्त खाद्य पदार्थो का सेवन भी जरूरी है। यह बीमारी अब लाइलाज नहीं है। इस अवसर पर स्कैनिया कंपनी के राकेश चंद्रा एवं अन्य स्टाफ तथा जिला कार्यालय से डॉक्टर जय कुमारी चौधरी जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी, डॉ बीएल भगत खंड चिकित्सा अधिकारी धरमजयगढ़ समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

### व्यय प्रेक्षक की उपस्थिति में समिति की बैठक

**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार व्यय प्रेक्षक सेंथिल कुमार बी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में व्यय लेखा समाधान की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी लेखा श्रीमती ऋषा ठाकुर, जिला कोषालय अधिकारी श्रीमती ज्योति सिंह, लेखा अधिकारी जिला पंचायत बसंत गुलेरी एवं राजनीतिक अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित रहे। व्यय प्रेक्षक सेंथिल कुमार बी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लेखा समाधान बैठक आयोजित की जाती है ताकि राजनीतिक दलों के व्यय का संधारण कर मिलान किया जा सके। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि निर्वाचन का कार्य बेहतर तरीके से संपन्न हुआए आप सभी ने बेहतर कार्य एवं सहयोग प्रदान किया।

## शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों को किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

अभी विद्यालयों के खुलने के पश्चात छात्रों के चेहरे खिले नजर आ रहे इसके साथ ही इन खिलो चेहरे में शाला प्रवेश को एक उत्सव की तरह मनाने का सरकार द्वारा लिया गया।

निर्णय बच्चों के चेहरों पर और भी ज़्यादा मुस्कुराहट लाने का कार्य कर रहा है इस कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की छायाचित्र के सामने दीप प्रजवल्लित करके हुई इसके बाद कार्यक्रम मे अजय जवहार नायक, हेमासागर नायक, रामकुमार नायक, मनीष नायक राजू नायक, बरमकेला के विकास खंड शिक्षा अधिकारी बरमकेला नरेंद्र जांगड़े कन्या शाला बरमकेला से मोहन नायक, संत जेवियर्स स्कूल से प्रभु नारायण, अन्य प्राइवेट विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे कार्यक्रम मे माँ सरस्वती की छायाचित्र के सामने दीप प्रज्वलित करने के बाद नव प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया इसके बाद बच्चों को उपहार दिया उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिले खिले नजर आए इसके बाद कन्या शाला बरमकेला की छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया।



उसके पश्चात सरस्वी शिशु मंदिर बरमकेला के छात्राओं ने शिक्षा आधारित नाटक प्रस्तुत किया जिसमे शिक्षा का महत्व बताया गया जैसा की बरमकेला उड़ीसा बार्डर पर स्थित है यह एक बहुभाषी क्षेत्र है जिसमे विभिन्न भाषा का उपयोग करने वाले लोग रहते है ऐसे मे जी डी माडल स्कूल के छात्राओं ने उड़िया गाने स्कूल जिमा में नृत्य नाटिका प्रस्तुत की पूरे कार्यक्रम के दौरान मिश्रा सर ने मंच संभाले रखा एव बच्चों को स्कूल जाने के महत्व के बारे में बताया इसके साथ ही कटगपाली ब मे बंद की स्थिति मे होने वाले विद्यालय मे 5 बच्चों के प्रवेश के लिए वहा के संकुल समन्वयक दुर्गेश नायक को अतिथियों द्वारा प्रस्थिति पत्र देकर सम्मान किया गया कार्यक्रम के पश्चात न्योता भोज की व्यवस्था की गयी थी।

### कसडोल शासकीय विद्यालय में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**तमनार।** विकास खंड तमनार के संकुल केंद्र गोढ़ी अन्तर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शाला कसडोल में मुख्य अतिथि कसडोल सरपंच उमावती राठिया, विशिस्ट अतिथि बीडीसी राज कु जनक राम साहू अर्खित साहू अन्य गणमान्य नागरिक, गुरुजनों एवं सैकड़ो छात्र छात्राओं की उपस्थिति में हर्षोल्लास से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम मां शारदे की पूजन वंदन के पश्चात संकुल समन्वय गोढ़ी पुष्पा पटनायक द्वारा अतिथियी का अभिनन्दन के बाद छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग के दिशा निर्देश प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की जानकारी दी गई। शाला में सभी नव आगंतुक छात्रए छात्राओ में कक्षा पहली एवं माध्यमिक शाला में कक्षा छठवीं के बच्चों का भव्य तरीके से तिलक चंदन रोली आरती एवं फल एवं मीठा खिलाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों ने प्यारे प्यारे बच्चों के उत्साहवर्धन एवं उनके मन में हो रहे विभिन्न प्रकार के जिज्ञासाओं को समझते हुए अपने उद्बोधन में बच्चों को बहुत सारी बातें समझाई एवं उनके प्रश्नों के उत्तर देते हुए उन्हें ढेर सारा प्यार एवं आशीर्वाद दिया। सरपंच उमावती राठिया ने कहा कि सभी बच्चे रोज स्कूल आएं और अच्छे से पढ़ाई लिखाई करें शिक्षक जो कहें उनके बातों को मानिए। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में जतिन साव भाजपा मण्डल अध्यक्षए नरेश साहू उपसरपंच आदि मौजूद रहे।

## कुशल चुनाव संचालन के लिए सीईओ ने कलेक्टर व एसपी को भेजा प्रशंसा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ

जिले में चुनाव संचालन उम्दा रहा। विधानसभा और लोकसभा दोनों चुनावों में रायगढ़ के सभी मतदान केंद्रों में न केवल शांतिपूर्वक मतदान हुए बल्कि मतदान का प्रतिशत भी पिछले चुनावों के मुकाबले बढ़ा।

जिले में सफल चुनाव संचालन की सराहना स्वयं देश के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार सिंह ने जिले के दोनों वरिष्ठतम अधिकारियों को पत्र लिखकर की है। उन्होंने कलेक्टर कार्तिकेया गोयल को संबोधित पत्र में बधाई देते हुए लिखा कि पूरे जिले में शांत, सफल और निष्पक्ष निर्वाचन करना एक बड़ी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। जिले में निर्वाचन से जुड़े हर काम को बारीकी से जांचना और बिना किसी त्रुटि के पूरा करना जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में आपके कर्तव्यनिष्ठा को दिखाता है। चुनाव की सभी प्रक्रियाएं, सारे चरण क्रमबद्ध तरीके से आपस में जुड़ी होती हैं।

सभी का निष्पादन समय पर पूरा करना बेहद जरूरी होता है। कहीं एक जगह पर भी चूक पूरी प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है।

### शाला प्रवेशोत्सव में शामिल होकर तहसीलदार ने बच्चों को किया प्रोत्सहित





**पुसौर।** पुसौर में आयोजित खंड स्तरीय शाल प्रवेशोत्सव में मुख्य अतिथि की आसंदी में रहे तहसीलदार नेहा उपाध्याय ने प्रवेश ले रहे नन्हे नन्हें छात्रों से मुखातिब होते हुए अपने स्कूल के दिन को याद करते हुए स्कूल चले हम, बादल गर्जा झम-झम झम की कविता को मंच में साझा किया। इसी कडी में इन्होंने शुभकामनाओं के साथ छोटे छोटे हाथों में पाठ्य सामग्री व गणवेश भी प्रदाय किए। उक्त तथ्य शनिवार को शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में यहां के प्राचार्य श्रीमती केरकेटा एवं स्कूल परिवार के व्यवस्था में तथा जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश पटेल की अगुवाई में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव में सामने आया जिसमें जनपद उपाध्यक्ष गोपी चौधरी, नगर अध्यक्ष रितेश थवाईत, उपाध्यक्ष मोहित सतपथी, नेता प्रतिपक्ष उमेश साव, पूर्व सौसायटी अध्यक्ष घनश्याम पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पालक गण उपस्थित रहे साथ ही आत्मानंद स्कूल प्राचार्य रूपेश चौधरी, अभिनव स्कूल के प्राचार्य अक्षय कुमार सतपथी, आर्य स्कूल के अनिल यादव व खंड के अन्य स्कूल के प्राचार्य मौजुद रहे। जानकारी अनुसार उक्त कार्यक्रम लगभग 11 बजे से हुई जिसमें सर्वप्रथम मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन करते हुए स्तुति वंदना की गई इसके पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ उदबोधन के दौर में व्याख्यता आर के पटेल साथ ही उपरोक्त जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने उदगार प्रस्तुत किए। मंचीय कार्यक्रम के अंत में बीआरसी प्रमुख शैलेन्द्र मिश्रा ने आभार प्रकट किया।

### नगर सेना के जवानों ने मोटर वोट टेस्ट ड्राईव कर किया अभ्यास

## प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए केलो डेम में हुई मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मानसून 2024 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में बाढ़ आपदा से निपटने हेतु प्रातः 7 बजे से केलो डेम लाखा रायगढ़ में प्रारंभिक प्रशिक्षण किया गया।

जिसमें नगर सेना रायगढ़ की टीम के लगभग 30 जवानों द्वारा उनके पास उपलब्ध 2 मोटर वोट टेस्ट ड्राईव कर बाढ़ आपदा से निपटने के लिए डेमो देकर उपस्थित अधिकारी कर्मचारी एवं जनसामान्य को बताया गया। प्रारंभिक अभ्यास में बाढ़ की



स्थिति निर्मित होने पर सबसे पहले क्या करना चाहिए के संबंध में डेमो देकर जानकारी दी गई। आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान उनसे बचाव एवं बरती जाने वाली सावधानियों, सुरक्षा के नियमों और आपदा के समय दी जाने वाली फस्ट ऐड की विस्तार सहित जानकारी प्रदान की गई।

माकड्रिल में बाढ़ आपदा एवं राहत व्यवस्था के जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रेखा चन्द्रा, डिप्टी कलेक्टर रायगढ़, ब्लासियुस कुजूर जिला सेनानी नगर सेना, लोमस कुमार मिरी तहसीलदार रायगढ़, सुरेश कुमार होता पीसीव्ही नगर सेना, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी तथा जेएसपीएल प्रबंधन के सुरक्षा अधिकारी रमेश कुमार तथा नगर सेना बाढ़ बचाव दल के जवान उपस्थित रहे।

### खरसिया ओव्हरबिज का निर्माण हुआ प्रारंभ

**रायगढ़।** खरसिया में रेलवे ओव्हरब्रिज बनने की प्रक्रिया शुरुआत हुई खरसिया नगर सरकार ने विधायक उमेश पटेल को धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया। विगत अर्से से खरसिया वासियों की सबसे बहुप्रतीक्षित मांग खरसिया में ओव्हरब्रिज बनाए जाने की रही हैं जो खरसिया विधायक उमेश पटेल के अथाह प्रयासों से अब पूरी होने जा रही हैं, खरसिया में ओव्हरब्रिज बनाए जाने की शासकीय स्वीकृति, जमीनों का मुआवजा, टेंडर प्रक्रिया एवं भूमिपूजन प्रदेश में कांग्रेस सरकार रहते ही पूरी हो चुकी थी ।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धरमजयगढ़ जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**
ई कोर्ट क्रमांक..../3-2/2023-2024
ग्राम-मिरीगुडा

**ईश्तहार**

सर्व साधारण ग्राम-मिरीगुडा को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण रूपचंद, संजय, सतीश, ग्राम-मिरीगुडा तहसील-धरमजयगढ जिला- रायगढ (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र के अन्तरर्गत धारा 172 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत ग्राम-मिरीगुडा प.ह.नं. 10 रा.नि.मं.- धरमजयगढ, तहसील-धरमजयगढ़ जिला- रायगढ (छ.ग.) में स्थित खसरा नंबर 558/9ध, 560/1थ रकबा 1619 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदकगण अपने उक्त खसरा नंबर 558/9ध, 560/1थ रकबा 1619 हे. भूमि को व्यावसायिक प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन कराना चाहता है। आवेदन पत्र के साथ आवेदित भूमि का ऋण पुस्तिका की छायाप्रति, मिसल, अधिकार अभिलेख एवं बी-1 की प्रति पेश किया गया है।

उक्त आवेदित भूमि को व्यावसायिक प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन किये जाने में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा वगैरह प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 05.07.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील, मुहर अंकित कर जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**धरमजयगढ़**